# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 76/2019**

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन भराया जाएगा। वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्राएँ (पंजीयन वर्ष 2016), जिनके तीन वर्ष की सूचीकरण अवधि समाप्त हो गयी है, का पुर्नपंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र भी ऑनलाइन भराया जाएगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 के लिए पुर्नपंजीयन, नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा तथा सम्मुन्नत परीक्षा के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है:-

| | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने तथा चालान जेनरेट करने की तिथि | बैंक में चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 18.12.2019 से 06.01.2020 तक | 08.01.2020 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 07.01.2020 से 13.01.2020 तक | 15.01.2020 तक |

सत्र 2018-20 के पंजीयन के लिए विद्यालय को उपलब्ध कराये गए User ID एवं Password का उपयोग कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुर्नपंजीयन हेतु प्रपत्र Online भरा जा सकेगा।

परिषद् के उक्त वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुर्नपंजीयन प्रपत्र भरना सुनिश्चित किया जाए। वेबसाइट पर परीक्षा प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रपत्र को सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर लिया जाय ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातव्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

**नोट: वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होनेवाले नियमित/स्वतंत्र छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र में अंकित की जानेवाली सभी विवरणी (यथा-पंजीयन संख्या, कक्षा IX का Roll code एवं Roll No. इत्यादि) कक्षा-09 के अंक पत्र के अनुसार ही भरेंगे।**

## आकांक्षा परीक्षा, 2020 से संबंधित आवश्यक सूचना

**मेडिकल एवं इंजीनीयरिंग संस्थानों में प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए राज्य सरकार द्वारा कोचिंग हेतु संचालित आकांक्षा केन्द्रों में नामांकन के लिए इच्छुक छात्र/छात्राएँ भी अपना प्रपत्र परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से दिनांक 20.12.2019 से 15.01.2020 तक भर सकेंगे। इस परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध होगा।**

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- (महीप कुमार सिंह)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/गो./1907/17-SECY/532/19
Dt. 16.12.2019
D.O.P: 17.12.2019